कार्यालय प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा
अण्टाघर सर्किल के पास, नयापुरा, कोटा 324001
टेलिफोन व फैक्स नं. 0744–2324074
ई–मेल : jdbcollege@gmail.com and ggsckota@gmail.com

क्रमांकः DLQAC /जादेब / 2021 / 6357 दिनांकः 27-10-21

## DLQAC बैठक कार्यवाही विवरण 26.10.2021

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा द्वारा आज दिनांक 26.10.2021 को दोपहर 12.00 बजे DLQAC की आनलाईन बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कोटा संभाग के कोटा, बारां, बूँदी व झालावाड़ के नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम डॉ. शुचिता जैन ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठका का एजेण्डा प्रस्तुत किया।

डॉ. अनिता कोठारी, प्राचार्य एवं संयोजिका डीएलक्यूएसी, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा ने सभी महाविद्यालयों की विश्वविद्यालय सम्बद्धता, 2(f) & 12(b) प्रमाण पत्र प्राप्त करने सम्बन्धी कार्यवाही व नैक प्रत्यायन प्रक्रिया से अभी तक किये गये प्रयासों की सराहना करते हुए इन कार्यों में गुणवत्ता व निरन्तरता बनाये रखने का आह्वान किया।

डॉ. शुचिता जैन, सदस्य सचिव डीएलक्यूएसी ने नोडल महाविद्यालयों के प्रतिनिधियों से NAAC प्रत्यायन सम्बन्धी अब तक की गई प्रगति का फीडबैक प्राप्त किया।

श्री डी.एन. प्रसाद, आईक्यूएसी समन्वयक, राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ ने जिले के नवीन महाविद्यालयों के भवन एवं स्टाफ की कमी के बारे में बताया। राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ की SSR माह दिसम्बर तक तैयार होने की संभावना व्यक्त की।

डॉ. श्रुति गुप्ता, प्रतिनिधि, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने राजकीय महाविद्यालय भवानीमण्डी की NAAC प्रत्यायन कार्यवाही को गति देने के लिये कहा। इसके साथ ही अनेक आवश्यक सुझाव भी दिये।

डॉ. डी.के. गोचर, राजकीय महाविद्यालय बारां ने महाविद्यालय में स्टाफ की कमी के कारण कार्य सम्पन्न करने में आ रही कठिनाईयों के बारें में बताया किन्तु साथ ही NAAC कार्य हेतु अपने प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया।

डॉ. घनश्याम शर्मा, प्रतिनिधि, कोटा विश्वविद्यालय कोटा ने विभिन्न महाविद्यालयों की सम्बद्धता के बारे में जानकारी दी। साथ ही NAAC के नवीन फॉरमेट के बारे में चर्चा की। उन्होंने कोटा विश्वविद्यालय कोटा के AQAR पोर्टल पर अपलोड करने सम्बन्धी जानकारी साझा की।

डॉ. सतीश सारस्वत, प्राचार्य नोडल राजकीय महाविद्यालय बून्दी ने महाविद्यालय की SSR सम्बन्धी तैयारी की जानकारी दी। उन्होंने पुस्तकालय ऑटोमेशन हेतु आयुक्तालय द्वारा पूर्व में उपलब्ध करये गये सॉफ्टवेयर के बारे में जानकारी चाही।

डॉ. संगीता सुनेजा, प्राचार्य राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय कोटा ने NAAC प्रत्यायन हेतु SSR की तैयारी के बारे में बताकर AQAR भरने की जानकारी दी।

डॉ. दिलीप राठौड़ ने SSR Data Updation में आने वाली कठिनाईयों को साझा किया व सभी घटनाओं की Geotagging पर जोर दिया।

डॉ. श्रुति गुप्ता ने IQAC समन्वयकों व समिति सदस्यों को NAAC द्वारा जारी Survey Form भरने का आह्वान किया। सभी महाविद्यालयों को SSR, SLQAC द्वारा चैक करवाने के पश्चात् ही IQAC के लिये आगे बढ़ने को कहा। महाविद्यालयों को सत्र के प्रारम्भ में Institutional

Scanned with OKEN Scanner

Development Plan बनाकर उसके अनुसार सत्र पर्यन्त कार्य सम्पन्न कराने के लिये प्रेरित किया जिससे सत्रांत में किये गये कार्यों को Action Taken Report में Web Page पर अपलोड किया जा सके। NAAC प्रक्रिया हेतु बिन्दुवार दस्तावेज तैयार कर पृथक–पृथक फाईल बनाने व सॉफ्ट कॉपी में भी पृथक–पृथक फोल्डर बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी बताया कि 1 टीबी हार्ड डिस्क खरीदने की अनुमति आयुक्तालय द्वारा दी गई है।

डॉ. शुचिता जैन ने NAAC प्रत्यायन प्रक्रिया में Criterion-IV (Infrastructure and Learning Resources) पर चर्चा की।

डॉ. श्रुति गुप्ता, प्रतिनिधि, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा ने जिन महाविद्यालयों का NAAC प्रत्यायन प्रस्तावित है, को SSR, SLQAC प्रेषित करने के लिए कहा व सभी दस्तावेज तैयार करने के लिये प्रेरित किया। राजकीय महाविद्यालय कोटा का IIQA, NAAC द्वारा स्वीकार किया गया है व शीघ्र ही Second Cycle प्रत्यायन प्रमाणन प्रारम्भ हो जायेगा।

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा का NAAC प्रत्यायन का तृतीय चक्र प्रस्तावित है किन्तु सभी दस्तावेजों में महाविद्यालय का नाम एक समान होना आवश्यक है। विभिन्न स्तरों पर पत्राचार जारी है व शीघ्र ही इसका समाधान होने की संभावना है। तत्पश्चात् NAAC IIQA आवेदन करना संभव होगा। SSR के दस्तावेज SOP के अनुसार तैयार करने का कार्य प्रगति पर है। अन्य सभी महाविद्यालय भी अपनी प्रगति नियमित रूप से ई–मेल के माध्यम से अवगत करावें।

अन्त में, डॉ. शुचिता जैन, सदस्य सचिव SLQAC को बधाई देते हुए प्रति माह आयोजित होने वाली बैठक से महाविद्यालयों के प्रयासों में हुई वृद्धि पर संतोष जताया तत्पश्चात् धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

अनिता 27.10.2021
डॉ. अनिता कोठारी
प्राचार्य एवं समन्वयक डीएलक्यूएसी
जा.दे.ब.राज. कन्या महाविद्यालय कोटा

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय प्राचार्य, जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा

अण्टाघर सर्किल के पास, नयापुरा, कोटा 324001

टेलिफोन व फैक्स नं. 0744–2324074

ई–मेल : jdbcollege@gmail.com and ggsckota@gmail.com


क्रमांक: DLQAC /जादेब / 2021 / दिनांक: 27.10.2021

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में आज दिनांक 26.10.2021 को DLQAC की ऑनलाईन बैठक हुई जिसमें निम्नांकित सदस्यों ने भाग लिया।

| क्र. सं. | नाम व मोबाईल नम्बर | महाविद्यालय का नाम | पद | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. अनिता कोठारी 7737075770 | जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय कोटा | प्राचार्य एवं समन्वयक DLQAC | Joined |
| 2. | डॉ. सतीश सारस्वत 9414939132 | राजकीय महाविद्यालय बून्दी | प्राचार्य | Joined |
| 3. | डॉ. दिलीप राठौड़ | राजकीय महाविद्यालय बून्दी | आईक्यूएसी समन्वयक | Joined |
| 4. | डॉ. डी.के. गोचर 9414615608 | राजकीय महाविद्यालय बारां | प्राचार्य | Joined |
| 5. | डॉ. फूल सिंह गुर्जर 9460174553 | राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ | प्राचार्य | Joined |
| 6. | डॉ. डी.एन. प्रसाद | राजकीय महाविद्यालय झालावाड़ | आईक्यूएसी समन्वयक | Joined |
| 7. | डॉ. संगीता सुनेजा 9413828352 | राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय कोटा | प्राचार्य | Joined |
| 8. | डॉ. सीमा सिंह 9782400865 | राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय कोटा | आईक्यूएसी समन्वयक | Joined |
| 9. | डॉ. हरिश सबलानिया | राजकीय महाविद्यालय कोटा | प्राचार्य प्रतिनिधि | Joined |
| 10. | डॉ. घनश्याम शर्मा 9414787629 | कोटा विश्वविद्यालय कोटा | विश्वविद्यालय प्रतिनिधि | Joined |
| 11. | डॉ. शुचिता जैन 9352600740 | जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय कोटा | सदस्य सचिव डीएलक्यूएसी | Joined |
| 12. | डॉ. श्रुति गुप्ता 9829772208 | आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर | एसपीडी रूसा | Joined |
| 13. | डॉ. रश्मि सोनी 9829024156 | आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर | एसपीडी रूसा | Joined |

अनिता
27.10.2021

Scanned with OKEN Scanner